# खेजड़ली उत्सव के तहत 11 हजार खेजड़ी पौधों का रोपण
# कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने निभाई सक्रिय भागीदारी



**ओम एक्सप्रेस**

**बीकानेर।** खेजड़ली उत्सव के अंतर्गत रविवार को सुजानदेसर स्थित काली माता मंदिर के पास एक साथ 11 हजार खेजड़ी पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं प्रकृति के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से बीकानेर वैचारिक जागरण मंच की ओर से आयोजित इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर एसकेआरएयू के कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ एन के शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एच. एल. देशवाल ने कहा कि खेजड़ी राजस्थान की जीवनरेखा एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण एवं नियमित देखभाल भी हमारी जिम्मेदारी है। ऐसे अभियान युवाओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कृषि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी. पी. मीणा तथा सामुदायिक महाविद्यालय की डॉ ममता सिंह ने विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधरोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।